खातेगांव के गांवों में फल रहा अवैध शराब का कारोबार, किराना दुकानों तक पहुंच रही शराब

टीआई हत्याकांड के बाद बदला शराब सप्लाई का तरीका, ढाबों पर बिक्री थमी लेकिन गांवों में अब भी जारी कारोबार

खातेगांव। क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार अब भी पूरी तरह थम नहीं पाया है। हाल ही में शराब तस्करी रोकने के दौरान ट्रक से कुचलकर थाना प्रभारी दिलीप पुरी की हत्या की घटना के बाद आबकारी विभाग ने सख्ती बरती है। इससे अवैध शराब विक्रेताओं में जरूर खौफ नजर आ रहा है। इन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री के तरीके में बदलाव कर कारोबार जारी रखा है। क्षेत्र के ग्राम राजौर में किराना दुकान सहित कुछ अन्य स्थानों से अवैध रूप से शराब बेचे जाने की जानकारी मिली है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब विक्रय का कारोबार इस कदर पैर पसार चुका है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में बेखौफ होकर अवैध शराब बेची जा रही है। मां नर्मदा और बाबा सिद्धनाथ की नगरी में खुलेआम हाईवे से लेकर ग्रामीण इलाकों में शराब का विक्रय हो रहा है।

क्षेत्रीय सूत्रों के अनुसार, पहले नेमावर और खातेगांव क्षेत्र में शराब ठेकेदारों से जुड़े लोग कथित तौर पर शराब का परिवहन कर ग्रामीण इलाकों में शराब उपलब्ध कराते थे। हालांकि टीआई दिलीप पुरी की हत्या की घटना के बाद कार्रवाई और सख्ती बढ़ने से अब शराब की सप्लाई का तरीका बदल गया है। सूत्रों का कहना है कि संबंधित दुकानदारों द्वारा पहले की तरह अपने लोगों के माध्यम से गांवों में सीधे शराब नहीं भेजी जा रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बेचने वाले कुछ लोग स्वयं शराब लेने पहुंच रहे हैं। इसके बाद वे अपने स्तर पर गांवों में इसकी बिक्री कर रहे हैं।

आबकारी विभाग की सख्ती अब गांवों तक कब पहुंचेगी?

टीआई की हत्या की घटना ने अवैध शराब के कारोबार और उसकी रोकथाम को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। घटना के बाद विभाग की सख्ती का असर ढाबों पर जरूर दिखाई दिया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई होना अभी बाकी है। नगर के समाजसेवियों का कहना है कि गांवों में किराना दुकानों सहित अवैध बिक्री के संदिग्ध स्थानों की विभाग द्वारा लगातार जांच की जाना चाहिए। लगातार मुहिम चलने पर ही अवैध शराब के कारोबार पर रोक लग सकेगी।

शिकायतें कई बार हुईं, फिर भी कार्रवाई का इंतजार

खातेगांव क्षेत्र के सजग नागरिकों और समाजसेवियों का कहना है कि अवैध शराब की बिक्री को लेकर कई बार आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायतें की गई हैं। वहीं खातेगांव में महिलाओं द्वारा पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर एसडीएम और तहसीलदार को भी कई बार ज्ञापन और शिकायतें दी जा चुकी हैं। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। नागरिकों का सवाल है कि जब विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही हैं तो संबंधित स्थानों पर नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

राजौर में किराना दुकान से शराब बिक्री की शिकायत

ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री को लेकर सबसे गंभीर स्थिति यह है कि अब किराना दुकानों और अन्य सामान्य दुकानों से भी शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राम राजौर में किराना दुकान सहित कुछ अन्य स्थानों पर शराब बिक्री की बात क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कही जा रही है। नागरिकों का कहना है कि सामान्य दुकानों से भी शराब की बिक्री होने के बावजूद आबकारी विभाग के मैदानी अमले को नजर नहीं आना अपने आप में सवाल खड़े करता है। क्षेत्र के ढाबों पर शराब की बिक्री में कमी जरूर आई है, लेकिन गांवों में चल रहे कारोबार पर अभी पूरी तरह रोक नहीं लग सकी है।

प्रभावी कार्रवाई करेंगे

मुझे आपके माध्यम से इस मामले की जानकारी मिली है। संबंधित स्थानों पर अवैध शराब बिक्री की जांच कराई जाएगी और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।- राकेश कूर्मी, सहायक आबकारी आयुक्त, जिला देवास

ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत निशुल्क रजिस्ट्री वितरित

विधायक सोनकर की उपस्थिति में रजिस्ट्री वितरण समारोह का हुआ आयोजन

टोंकखुर्द। तहसील के ग्राम धुतखेड़ा में धनतेरस के अवसर पर मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना अंतर्गत निशुल्क स्वामित्व रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. राजेश सोनकर उपस्थित थे। अध्यक्षता एसडीएम ऋतु चौरसिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, महामंत्री भगवान बेबी, वरिष्ठ मायाराम दांगी, राजेंद्र आर्य, जसवंतसिंह दांगी, माखनसिंह गुर्जर उपस्थित थे। सर्वप्रथम तहसीलदार दर्शनी सिंह, सरपंच लाखनसिंह दांगी,



उपसरपंच महेश दांगी ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद ग्राम धुतखेड़ा एवं देव धर्मराजपुरा के शत प्रतिशत पात्र ग्रामीणों को रजिस्ट्री वितरित की गई। विधायक सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धनतेरस के अवसर पर आपको अपने मकानों के स्वामी बनाने का काम किया है। इसके माध्यम से आपको आपकी संपत्ति का मालिकाना अधिकार मिला है।

विधायक सोनकर ने कहा कि मुख्यमंत्री यादव ने इस क्षेत्र को रणजीत सागर बांध में डूबने से बचाया है। अब यहां कोई भी गांव या घर नहीं बांध में नहीं डूबेगा। पार्वती कालीसिंध लिंक परियोजना के तहत कालीसिंध नदी पर भूतेश्वर में नीचे पानी के लिए बैराज बनेगा तथा उपर से पुल के माध्यम से वाहन निकलेंगे। कार्यक्रम का संचालन देवली सरपंच जीवन आचार्य ने किया। इस दौरान राजेश पाटीदार, निरंजन दांगी, राकेश पाटीदार, धर्मेंद्र यादव, लाला राजपूत सहित तहसील के पटवारी उपस्थित थे।

एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. खजराना पुलिस ने स्कीम नंबर 134 स्थित बघेला गार्डन के पीछे से 18 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है. जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 1.80 लाख रुपए बताई गई है. आरोपी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए ड्रग्स की सप्लाई करने लगा था. पुलिस ने रिजवान उर्फ अमन अंसारी, निवासी ताज नगर, खजराना को संदिग्ध हालत में देखकर पकड़ा. तलाशी में उसके पास से एमडी ड्रग्स मिली. डीसीपी जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी से ड्रग्स के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है.



अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

देवास। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग का दल गठित किया है। दल लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

शनिवार को आबकारी दलों ने भड़ा पिपलिया में सर्चिंग अभियान चलाया। इसके साथ ही क्षेत्र के ढाबों पर भी सघन तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए।आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1600 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 64 हजार रुपए है।

एक नजर में

भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में ई-कॉमर्स ग्रुप ने मनाई दिवाली



इंदौर. दीपावली पर जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने की पहल करते हुए ई-कॉमर्स ग्रुप इंदौर ने संस्था प्रवेश द्वारा संचालित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में दिवाली उत्सव मनाया. इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने केंद्र के हितग्राहियों के साथ पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी. दीयों की रोशनी और आतिशबाजी के बीच हितग्राहियों ने भी उत्साह के साथ त्योहार मनाया. रुपाली जैन ने बताया कि त्योहारों की असली खुशी दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने में है. इसी उद्देश्य से ग्रुप के सदस्यों ने केंद्र के हितग्राहियों के साथ समय बिताया और उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं.

देपालपुर में धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़

देपालपुर. धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीप पर्व यानी कि दीपावली पर्व की शुरुआत हो गई. शुक्रवार को धनतेरस पर नगर के बाजार में जमकर धनवर्षा हुई. सुबह से ही बाजार में ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई थी. दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं बची. रात 10 बजे के बाद तक बाजारों में चहल-पहल बनी रही. लोगों ने शुभ मुहूर्त में वाहन, सोने-चांदी के सिक्के और आभूषण, बर्तन और रसोई के उपकरण, टीवी-फ्रिज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर और दीपावली की सजावटी सामग्री, नए वस्त्रों के साथ-साथ घरों को सजाने के लिए लाइटों, दीयों, झाड़ू और पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की. देर रात तक दुकानें खुली रहीं. खरीदारी के बाद लोगों ने घरों में विधि-विधान से धनतेरस का पूजन किया.

धनतेरस पर मिली 4 साल पहले चोरी हुई बाइक

इंदौर. धनतेरस पर नरसिंह बाजार चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मी की सतर्कता से धार से चोरी हुई मोटरसाइकिल का पता चला. कई दिनों से लावारिस खड़ी बाइक की जांच करने पर पता चला कि उसकी चोरी की रिपोर्ट वर्ष 2021 में धार कोतवाली में दर्ज है. चौराहे पर तैनात प्रधान आरक्षक रुपेश को व्यापारियों ने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 11 एमडब्ल्यू 8648 के कई दिनों से खड़े होने की जानकारी दी थी. उन्होंने पीओएस मशीन से वाहन की जानकारी निकाली और उसके मालिक जगदीश निनामा, निवासी नानंदखेड़ा, थाना तिरला, जिला धार से संपर्क किया. मालिक ने बताया कि 30 जून 2021 को बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. इसके बाद बाइक को सुरक्षित अभिरक्षा में यातायात थाने में रखवाया गया.



11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ होटल रिसेप्शनिस्ट गिरफ्तार



इंदौर. क्राइम ब्रांच ने स्कीम 171 स्थित साई कृपा कॉलोनी के पास से 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ 32 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है. जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है. आरोपी विजय नगर स्थित कृष्णा पैलेस होटल में रिसेप्शन पर काम करता है. पुलिस अब उससे ड्रग्स के स्रोत और सप्लायरों के संबंध में पूछताछ कर रही है. क्राइम ब्रांच की टीम गुरुवार को शहर में गश्त और चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान साईं कृपा कॉलोनी के पास एक युवक हाथ में थैली लेकर बैठा दिखाई दिया. पुलिस को देखकर वह घबराने लगा. संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा. तलाशी लेने पर थैली से 11 ग्राम एमडी ड्रग्स (मेफेड्रोन) मिली. आरोपी का नाम राजेश बघेल उम्र 32 साल, निवासी चिकित्सक नगर, इंदौर बताया गया है. वह पांचवीं तक पढ़ा है और विजय नगर स्थित कृष्णा पैलेस होटल में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करता है. क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है. अब उससे मादक पदार्थ की खरीदी और सप्लाई से जुड़े नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है. डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोपी को 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है.

पटाखा बाजार में अवैध विस्फोटक बिक्री की सूचना पर बनाया पंचनामा

खातेगांव। सुषमा स्वराज खेल स्टेडियम में लगाए गए पटाखा बाजार में शनिवार को एक पटाखा दुकान विक्रेता द्वारा नियमों के विरुद्ध विस्फोटक सल्फर पोटेशियम बिक्री किया जा रहा है। शिकायतकर्ता विवेक यादव की शिकायत की पुष्टि करने के लिए स्वयं एसडीएम राजेंद्र पंवार भी मौके पर पहुंचे और पटाखा विक्रेता से जानकारी ली। उन्होंने मौके पर सर्चिंग करवाई, लेकिन जांच में मौके पर किसी भी प्रकार का विस्फोटक बरामद नहीं किया गया। एसडीएम पंवार के निर्देश पर हल्का पटवारी खातेगांव विनोद



राठौर के बनाए पंचनामे के अनुसार विवेक यादव द्वारा उक्त दुकान से पोटेशियम स्टिंग ऑपरेशन के तहत क्रय किया गया था। मौके पर जाकर जांच की गई लेकिन किसी भी प्रकार का विस्फोटक जब्त नहीं किया गया है। वही दुकानदार नबाब खां के अनुसार उक्त पाउडर हमारे द्वारा बिक्री नहीं किया जा रहा था। उक्त दुकान का लायसेंस शाहरुख पिता नवाब खां के नाम पर है।

पार्सल डिलीवरी के नाम पर गृहणी से 78 हजार की ठगी

इंदौर. दिवाली की ऑनलाइन खरीदारी के दौरान पार्सल डिलीवरी का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक गृहणी के चार बैंक खातों से 78 हजार रुपए निकाल लिए. पीड़िता की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली, ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र के संदिग्ध बैंक खातों में ठगी की रकम फ्रीज कराई. इसके बाद कोर्ट के आदेश से 75 हजार रुपए पीड़िता के खाते में वापस कराए. इंदौर निवासी एक गृहणी ने दिवाली की खरीदारी के लिए ऑनलाइन ऑर्डर किया था. पार्सल डिलीवर होने से पहले एक व्यक्ति ने खुद को डिलीवरी बॉय बताकर फोन किया और पता सही नहीं होने की बात कही. उसने पार्सल पहुंचाने के लिए पता अपडेट करने के नाम पर एक लिंक भेजी.



पड़वा के जुलूस में एक-दूसरे पर पटाखे फेंके तो होगी कार्रवाई

- **जुलूस को लेकर प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त शांति समिति की बैठक आयोजित**
- **प्रतिबंधित कार्बाइड गन की खरीद-बिक्री के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी**

भौंरासा। दीपावली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे, इसे लेकर पुलिस एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में थाना परिसर में नगर के गणमान्य नागरिकों की विशेष बैठक सोनकच्छ एसडीएम आनंद मालवीय, एसडीओपी राहुल खरे, नायब तहसीलदार जागृति जाट, थाना प्रभारी अनीता सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, नगर वसूली पटेल यशवंतसिंह राजपूत सहित पार्षदगण, पत्रकारगण मौजूद रहे।

दीपावली पड़वा जुलूस के सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा समन्वित रूप से आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस क्रम में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित करने के साथ ही भंवरनाथ मंदिर ग्राउंड में नगर परिषद द्वारा स्थापित 14 पटाखा दुकानों का संयुक्त निरीक्षण कर दुकानदारों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए।

दुकानों का संयुक्त निरीक्षण-

इसी क्रम में नायब तहसीलदार जागृति जाट एवं थाना प्रभारी अनीता सिंह द्वारा भंवरनाथ मंदिर ग्राउंड में नगर परिषद द्वारा स्थापित 14 दुकानों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित दुकानदारों को निर्धारित नियमों का पालन करने तथा आवश्यक सुरक्षा एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने आमजन से दीपावली व पड़वा के जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, जुलूस में पटाखे नहीं फेंकने तथा कार्बाइड गन के उपयोग एवं खरीद-बिक्री से बचने की अपील की है।

ननि आयुक्त ने परिवार सहित स्थानीय दुकानदारों से खरीदे मिट्टी के दीये

देवास। प्रकाश और उल्लास के पर्व दीपावली पर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए माता महालक्ष्मी से देवास की निरंतर प्रगति और प्रत्येक घर में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर आयुक्त ने नगरवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और स्थानीय उत्पादकों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय दुकानदारों और कारीगरों से खरीदारी कर उनके जीवन में भी खुशियों का उजियारा फैलाएं। हमारा यह छोटा सा प्रयास स्थानीय व्यापार को मजबूती देने के साथ ही देवास की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। आयुक्त ने कहा कि दीपावली के पावन अवसर पर सभी शहरवासी स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध देवास बनाने का संकल्प लें तथा शहर को स्वच्छता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहभागी बनें। स्वदेशी अपनाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुक्त ने स्वयं अपने परिवार के साथ स्थानीय दुकानदारों एवं कारीगरों से मिट्टी के दीये सहित अन्य स्वदेशी सामग्री की खरीदी की। दुकानदारों से चर्चा भी की।



स्वदेशी सामग्री खरीदने व शहर को स्वच्छ बनाए रखने का दिया संदेश

दीपोत्सव – एमजी रोड से सराफा बाजार तक रौनक, सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट से बढ़ी चमक ; इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहनों और पटाखों की खरीदारी ने पकड़ी रफ्तार

रोशनी के पर्व दीपावली का उल्लास, बाजारों में उमड़ी भीड़, आज घर-घर होगा लक्ष्मी पूजन

देवास। दीपों का पर्व दीपावली आते ही शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवी हो गया है। घरों में साफ-सफाई और सजावट के बाद अब मां लक्ष्मी के स्वागत की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बाजारों में भी रौनक देखते ही बन रही है। रविवार को शुभ मुहूर्त में घर-घर मां लक्ष्मी का पूजन होगा। इसको लेकर शहरवासी पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। शनिवार को बाजारों में खरीदारी के लिए ऐसी भीड़ उमड़ी कि प्रमुख मार्गों और दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। हर तरफ रोशनी, सजावट और खरीदारी का उत्साह नजर आ रहा है।

एमजी रोड पर दिनभर रही चहल-पहल- दीपावली की खरीदारी के लिए शहर के प्रमुख बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर एमजी रोड पर सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। कपड़े, सजावटी सामान, पूजन सामग्री, मिठाई और घरेलू जरूरत की वस्तुओं की दुकानों पर खूब बिक्री हो रही है। धनतेरस के बाद अब दुकानदारों को दीपावली के दिन होने वाली खरीदारी से काफी उम्मीदें हैं। बाजार में ग्राहकों की बढ़ती संख्या से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

सोना-चांदी के भाव में गिरावट से सराफा बाजार दमका-दीपावली पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा के चलते सराफा बाजार में भी खास रौनक है। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आभूषणों की नई डिजाइन ग्राहकों को लुभा रही हैं। पिछले कुछ दिनों में सोने और चांदी के भाव में आई गिरावट का असर भी बाजार में दिखाई दे रहा है। कीमतों में नरमी के चलते खरीदारी को लेकर लोगों में उत्साह है। सराफा व्यापारियों को दीपावली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है। खासतौर पर चांदी के सिक्के की मांग अधिक है।

नई तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान की मांग-दीपावली पर घर को नया रूप देने के साथ ही नए सामान खरीदने का भी चलन है। इसी के चलते इलेक्ट्रॉनिक शोरूम भी आकर्षक ढंग से सजाए गए हैं। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल और अन्य घरेलू उपकरणों की नई रेंज ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। कंपनियों की ओर से दिए जा रहे ऑफर और नई तकनीक वाले उत्पादों के कारण लोग अपनी पसंद के सामान देखने और खरीदने पहुंच रहे हैं।

वाहनों की बिक्री को लेकर भी उम्मीदें

दीपावली को शुभ अवसर मानकर कई लोग दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसी परंपरा को देखते हुए ऑटोमोबाइल कारोबारियों को इस बार भी अच्छी बिक्री की उम्मीद है। वाहन शोरूम में नए मॉडल और आकर्षक रंगों के विकल्प ग्राहकों को लुभा रहे हैं। कई परिवार दीपावली पर नया वाहन घर लाने की तैयारी में हैं। इसके लिए पिछले कई दिनों से वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। टू-व्हीलर शोरूम संचालक प्रतीक मोहरी का कहना है कि धनतेरस पर वाहनों की बिक्री अधिक होती है, लेकिन बाहर से माल समय पर नहीं आने से परेशानी आ रही है, फिर भी दीपावली को लेकर वाहन बाजार में बहुत उम्मीद है।